मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली भिलाई

वार्षिक परीक्षा 2022–23

समय 3 घण्टे कक्षा–आठवीं विषय – हिंदी पूर्णांक 80

खंड क

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10

सच्चा मित्र शिक्षक की तरह होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई तथा सन्मार्ग की ओर ले जाता है, उसी प्रकार सच्चा मित्र भी अपने मित्र को भी बुराई की ओर जाने से रोकता है। सच्चा मित्र एक खजाने की तरह होता है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल गया, उसे समझो बहुत बड़ा खजाना मिल गया। कभी–कभी मानव जीवन में ऐसे अवसर भी आते हैं जब मनुष्य निराश हो जाता है। जीवन के प्रति उसका मोह समाप्त हो जाता है। ऐसी अवस्था में सच्चा मित्र आशा की किरण बनकर जीवन के प्रति आकर्षण पैदा करता है। मनुष्य के मन पर जितना प्रभाव मित्र का पड़ता है उतना अन्य किसी का नहीं।

1. सच्चा मित्र किस की तरह होता है?
2. शिक्षक छात्रों को किस मार्ग की ओर ले जाता है?
3. खजाने की तरह कौन होता है?
4. सच्चा मित्र मिलने से क्या मिलता है?
5. आशा की किरण कौन बनता है?
6. मनुष्य के जीवन में किसका प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है?
7. ''मित्र'' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।
8. ''सच्चा'' शब्द विलोम लिखिए।
9. शिक्षक की तरह कौन होता है?
10. उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2 अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 5

मैंने कहा कि नदी बनूँ, बन गया नदी।
मैंने कोई भी नाव, डुबोई नहीं कभी।
मैंने चाहा कि फूल बनूँ, बन गया फूल।
मुस्कुराते रहना ही मेरी जीवन का उसूल।

खंड द रचनात्मक लेखन

प्रश्न 19 कोई एक अनुच्छेद लिखिए– 5

प्रदूषण की समस्या या प्लास्टिक की हानियां

प्रश्न 20 पत्र लिखिए– 5

संपादक को अपनी रचना प्रकाशित करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 21 संवाद लिखिए– 5

बार–बार बिजली के जाने पर दो गृहणियों के बीच हुए संवाद लिखिए।

प्रश्न 22 ''वचन दुग्ध कंपनी'' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

प्रश्न 23 चित्र वर्णन 35 से 40 शब्दों में चित्र देखकर वर्णन कीजिए। 5



मैंने चाहा कि छाँह बनूँ, बन गया छाँह।
हारे–थके पथिक के हित आरामगाह।

1. पहले कवि ने क्या बनना चाहा?
2. कवि ने पहले कभी क्या नहीं डुबोया?
3. कवि का क्या उसूल था?
4. ''फूल'' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।
5. इस काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

खंड ख व्याकरण

प्रश्न 3 प्रत्यय की परिभाषा लिखिए और एक उदाहरण दीजिए। 2

प्रश्न 4 दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिन्ह लगाइए। 2

1. जब जागो तब सवेरा 2. जो परिश्रमी है वह सफल है

प्रश्न 5 समास किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। 2

प्रश्न 6 ''आना'' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए। 2

प्रश्न 7 ''सम'' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए। 2

प्रश्न 8 संधि विच्छेद कीजिए एवं संधि का नाम लिखिए। 2

परिणाम, दुर्बल

प्रश्न 9 तद्भव रूप लिखिए। 2

सायं, वासर, वानर, अर्ध

प्रश्न 10 दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

कोल्हू का बैल।

खंड ग भाषा बोध

प्रश्न 11 प्रारंभ में साइकिल आंदोलन को चलाने में कौन–कौन सी बाधाएं आई? 3

प्रश्न 12 ओस की बूंद क्रोध और घृणा से क्यों कांप उठी? 3

प्रश्न 13 बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध–पीने के लिए तैयार हुए?3

प्रश्न 14 अपने गाँव लौट कर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या क्या विचार आए? 3

प्रश्न 15 आपके विचार से लेखक ने इस पाठ का नाम ''जहाँ पहिया है'' क्यों रखा? 3

भारत की खोज से

प्रश्न 16 शिवाजी कौन थे? उसका नाम भारतीय इतिहास में क्यों प्रसिद्ध है?3

प्रश्न 17 1857 का विद्रोह सफल क्यों ना हो सका? 2

प्रश्न 18 पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

पहली बोलती हुई फिल्म आलमआरा बनाने वाले फिल्मकार थे अर्देशिर एम. ईरानी। अर्देशिर ने 1929 में हॉलीवुड की एक बोलती फिल्म ''शो बोट'' देखी और उनके मन में बोलती फिल्म बनाने की इच्छा जागी। पारसी रंगमंच के एक लोकप्रिय नाटक को आधार बनाकर उन्होंने अपनी पटकथा बनाई। इस नाटक के कई गाने ज्यों त्यों फिल्म में ले लिए गए। एक इंटरव्यू में अर्देशिर ने उस वक्त कहा था हमारे पास कोई संवाद लेखक नहीं था, गीतकार नहीं था, संगीतकार नहीं था।

1. पहली बोलती फिल्म कौन–सी थी? उसका निर्माण किसने किया? 2
2. अर्देशिर ने इंटरव्यू में क्या कहा? 2
3. हॉलीवुड की फिल्म का क्या नाम था? 1